# DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR

***SESSION : 2025-26***

***SUBJECT : HINDI***

***CLASS : V***

***Term -1 & 2***

***SYLLABUS**

*** ART INTEGRATED LEARNING (AIL)***

*** SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY(SEA)***

*** WORKSHEET***

*** QUESTION BANK***

*** REVISION of PT-1, PT-2, HALF YEARLY & ANNUAL EXAM***

DPS GANDHINAGAR

**SUBJECT: HINDI [TERM I]**

| महीना | पाठ्य पुस्तक | व्याकरण | क्रियात्मक कार्य | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल/ मई | पाठ-1 भारत-मंदिर(कविता)<br>पाठ-2 चींटा-चूज़ा भाई-भाई | * हमारी भाषा<br>* संज्ञा | * अनुच्छेद लेखन<br>* अपठित गद्यांश | * भारत मंदिर कविता कंठस्थ कर कक्षा में सुनाइए\|<br>* जानवरों के मुखौटों की मदद से खुद पात्र बनकर कहानी को कक्षा में प्रस्तुत कीजिए\| |
| जून | पाठ-3 चाचा का पत्र (मौखिक) | * लिंग | *अनौपचारिक पत्र | * AIL- काम पहचान कर नाम बताइए और चित्र बनाइए\| |

**PT-1 Syllabus** :-

**पाठ्य पुस्तक**- पाठ-1 भारत-मंदिर, पाठ-2 चींटा-चूज़ा भाई-भाई
**व्याकरण**- हमारी भाषा, संज्ञा, लिंग
**क्रियात्मक कार्य**- अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश

| महीना | पाठ्य पुस्तक | व्याकरण | क्रियात्मक कार्य | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| जुलाई | पाठ-4 मंत्री की परख<br>पाठ-6 एक टोकरी भर मिट्टी(मौखिक) | * वचन<br>* कारक | * चित्र वर्णन<br>*अपठित पद्यांश | * पंचतंत्र की कहानी कक्षा में सुनाना\| |
| अगस्त | पाठ-5 दोहे<br>पाठ-7 चूहा और मैं | * सर्वनाम<br>*पर्यायवाची शब्द | * अनौपचारिक पत्र | * बगीचे में जाकर पर्यावरण के बचाव पर चर्चा करना\|<br>* SEA - किन्ही भी दो दोहों को कंठस्थ कर किसी एक का भावार्थ कक्षा में सुनाइए\| |
| सितम्बर | * पुनरावर्तन कार्य | * पुनरावर्तन कार्य | * पुनरावर्तन कार्य | * पुनरावर्तन कार्य |

**Half Yearly Syllabus**:-

**पाठ्य पुस्तक**- पाठ-1 भारत-मंदिर,पाठ-2 चींटा-चूज़ा भाई-भाई,पाठ-4 मंत्री की परख,पाठ-5 दोहे,पाठ-7 चूहा और मैं
**व्याकरण**- हमारी भाषा, संज्ञा, लिंग,वचन, कारक, सर्वनाम, पर्यायवाची शब्द
**क्रियात्मक कार्य** - चित्र वर्णन,अनौपचारिक पत्र,अपठित गद्यांश,अपठित पद्यांश

## Subject Enrichment Activity-1

- किन्ही भी दो दोहों को कंठस्थ कर किसी एक दोहे का भावार्थ कक्षा में सुनाइए|

निर्णय मानदंड

| क्रमांक | अंक विभाजन | अंक |
|---|---|---|
| 1. | दोहा सुनना | 6 अंक |
| 2. | भावार्थ | 2 अंक |
| 3. | समग्र प्रस्तुति | 2 अंक |
| | कुल अंक | 10 अंक |

DPS GANDHINAGAR

# Art Integrated Learning-1


काम पहचान कर नाम बताइए और चित्र बनाइए|

निर्णय मानदंड

| क्रमांक | अंक विभाजन | अंक |
|---|---|---|
| 1. | रचनात्मकता | 5 अंक |
| 2. | स्वच्छता | 3 अंक |
| 3. | समग्र प्रस्तुति | 2 अंक |
| | कुल अंक | 10 अंक |

DPS GANDHINAGAR

# CBE Based Question Bank

| | |
|---|---|
| |  **पाठ-1 भारत - मंदिर** (कविता) |
| प्रश्न-1 | कैलाश पर्वत पर निवास करने वाले भगवान जिनकी चर्चा इस कविता में की गई है और जो सबका कल्याण करते हैं उनका नाम लिखिए\| |
| प्रश्न-2 | कविता में से जिन चार महान पुरषों के नाम दिए गए हैं उनमें से किन्ही दो के नाम लिखिए\| |
| प्रश्न-3 | सब ________ का एक तीर्थ यह __________ पवित्र बना लें हम\| उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए\| |
| (क) | तीर्थों, हृदय |
| (ख) | हृदय, मन |
| (ग) | तीर्थों, तन |
| प्रश्न-4 | 'अजातशत्रु' का अर्थ क्या होता है? |
| प्रश्न-5 | कविता में एक साथ क्या मिल बाँटने की बात कही गई है? |
| | |
| |  **पाठ-2 चींटा-चूज़ा भाई-भाई** |
| प्रश्न-1 | नन्हें चींटे ने हल को उठाकर कंहाँ रखा? |
| | (क) सिर पर (ख) पेट पर (ख) कंधे पर |

DPS GANDHINAGAR

| | |
|---|---|
| प्रश्न-2 | “थोड़ी देर ठहरो, मैं अभी कुदाल लेकर आती हूँ।” वाक्य किसने कहा? |
| | (क)मेंढ़क ने (ख) चुहिया ने (ग) बतख ने |
| प्रश्न-3 | चींटे के साथ कौन-कौन खेत पर गया? |
| प्रश्न-4 | खेत के तैयार होने पर क्या डालने के लिए मेंढ़क कहता है? |
| प्रश्न-5 | पाठ में एक पौधे का नाम आया है जिसका छाता लेकर मेंढ़क आता है उस पौधे का नाम लिखिए। |
| | |
| | **पाठ – 4 मंत्री की परख**  |
| प्रश्न-1 | भगवान कृष्ण के जन्म स्थान का नाम लिखिए जहाँ राजा नरहरी शासन करते थे? |
| प्रश्न-2 | राजा नरहरी ने पत्र का अर्थ समझने के लिए किसे बुलवाया? |
| | (क)मंत्री को (ख) पदमवीर को (ख) बैलगाड़ी को |
| प्रश्न-3 | पदमवीर ने राजा से क्या-क्या माँगा? |
| प्रश्न-4 | पदमवीर ने किस सब्जी की बेल को मटके में डाला? |
| प्रश्न-5 | शाही दरबार में काम करने के लिए कौन-सी गुड़िया सही थी? |

| | |
|---|---|
| | **पाठ - 5 दोहा**  |
| प्रश्न-1 | हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए? |
| प्रश्न-2 | कबीरदास जी ने सच को किसके समान बताया है? |
| प्रश्न-3 | जहाँ काम आवै __________, कहा करै __________\|\| |
| | (i)सुई, तरवारि (ii) चक्कू, तरवारि (iii) सुई, हथौड़ी |
| प्रश्न-4 | दूध के फटने से क्या बनाया नहीं जा सकता है? |
| प्रश्न-5 | धागे को तोड़ने से उसमें क्या पड़ जाती है? |
| | |
| | **पाठ-7 चूहा और मैं** |
| प्रश्न-1 | पैंतालीस को अंकों में कैसे लिखते हैं? |
| | (i) 54 (ii) 45 (iii) 55 |
| प्रश्न-2 | रात को खाने का डिब्बा कौन भेजता था? |
| प्रश्न-3 | मच्छरों से बचने के लिए जालीदार जो खाट के आस-पास लगाई जाती है जिसमें चूहा घुस जाता था उसे क्या कहते हैं? |
| प्रश्न-4 | चूहा किसके प्रति सचेत था? |
| प्रश्न-5 | लेखक ने डिब्बे में से चूहे के लिए किसके टुकड़े यहाँ-वहाँ डाल दिए ? |

DPS GANDHINAGAR

| | |
|---|---|
| | **व्याकरण** |
| | **हमारी भाषा** |
| प्रश्न-1 | भाषा के कितने रूप हैं? उनके नाम लिखिए\| |
| प्रश्न-2 | राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? |
| प्रश्न-3 | हिंदी को राजभाषा कब घोषित किया गया? |
| प्रश्न-4 | किसी भी भाषा को लिखने के लिए कुछ चिह्न बना लिए गए हैं उन चिह्नों को क्या कहते हैं? |
| प्रश्न-5 | हिंदी के अतिरिक्त और किन-किन भाषाओं की लिपि देवनागरी है? |
| | (i) मराठी (ii) गुजरती (iii) नेपाली (iv) ये सभी |
| | |
| | **संज्ञा** |
| प्रश्न-1 | संज्ञा के तीनों भेदों के नाम लिखिए\| |
| प्रश्न-2 | किनसे भाववाचक संज्ञाएँ बनाई जाती हैं? |
| प्रश्न-3 | जाति वाचक संज्ञा का प्रयोग कर एक वाक्य लिखिए\| |
| प्रश्न-4 | चित्र देखकर उनका नाम तथा संज्ञा का प्रकार लिखिए\| |
| (i) |  (ii)  (iii)  |
| प्रश्न-5 | जातिवाचक संज्ञा के लिए एक व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए- |
| | (i)देश (ii) नदी (iii) फूल (iv) महिना (v) इमारत |


PDS GANDHINAGAR

| | |
|---|---|
| | **लिंग** |
| प्रश्न-1 | सदा स्त्रीलिंग रहने वाले दो शब्द लिखिए\| |
| प्रश्न-2 | नदियों के नाम किस लिंग के होते हैं? |
| प्रश्न-3 | 'विद्वान' का स्त्रीलिंग क्या होगा? |
| प्रश्न-4 | 'रोटी' शब्द स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग? |
| प्रश्न-5 | स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए- |
| | अध्यापिका, युवक, वर, हिरनी, माली, हलवाई, ग्वालिन, कवयित्री |
| | |
| | **वचन** |
| प्रश्न-1 | आदर देने के लिए वचन के किस रूप का प्रयोग किया जाता है? |
| प्रश्न-2 | सदा एकवचन का कोई एक उदाहरण लिखिए\| |
| प्रश्न-3 | आँसू, हस्ताक्षर, दर्शन शब्दों का प्रयोग सदा किसमें होता है? |
| प्रश्न-4 | 'हाथी पानी पी रहा है\|' वाक्य का वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए\| |
| प्रश्न-5 | नीचे दिए शब्दों के वचन बदलिए- |
| | (i) मक्खी (ii) पैसे (iii) युवावर्ग (iv) आँख (v) लड़की |
| | |
| | **कारक** |
| प्रश्न-1 | कारक संबंधित अशुद्धियाँ शुद्ध कर वाक्य दोबारा लिखिए- |
| (क) | फ़र्स को खिलौने पड़े हैं\| |
| (ख) | बच्चों के लिए मिठाई अच्छी लगती है\| |

DPS GANDHINAGAR

| | |
|---|---|
| प्रश्न-2 | उचित कारक द्वारा रिक्त स्थान भरिए- |
| (क) | आसमान _______ पक्षी विचरण कर रहे थे। |
| (ख) | विपुल सृष्टि__________ आम लाया। |
| (ग) | सरदी के कारण वृक्षों ________ पत्ते झड़ गए। |
| प्रश्न-3 | कारक चिह्नों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- |
| | को, से(साधन), में, ने, की |
| | |
| | **सर्वनाम** |
| प्रश्न-1 | संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द क्या कहलाते हैं? |
| प्रश्न-2 | नीचे दिए गए सर्वनाम शब्दों को उनके भेद के साथ मिलान कीजिए- |
| (क) | स्वयं (i)पुरुषवाचक |
| (ख) | मैं (ii)संबंधवाचक |
| (ग) | कुछ (iii)निजवाचक |
| (घ) | जो.....उसे (iv)अनिश्चियवाचक |
| प्रश्न-3 | वाक्य में आए सर्वनाम का शुद्ध रूप लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए- |
| (क) | मेरे को भोजन करना है। |
| (ख) | तेरे को हमेशा जल्दी रहती है। |
| (ग) | वह बाहर जाना है। |
| (घ) | वे कपड़े अच्छे रँगता है। |

DPS GANDHINAGAR

| | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| **प्रश्न-1** | **नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** |
| (क) | वर्षा (ड) चाँद |
| (ख) | नदी (च) इच्छा |
| (ग) | पत्र (छ) अतिथि |
| (घ) | आँख (ज) दिन |
| **प्रश्न-2** | **नीचे दिए चित्र के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** |
| (क) |  |
| (ख) |  |
| (ग) |  |
| (घ) |  |

GANDHINAGAR

# CBE WORKSHEET

**वर्ग पहेली से शब्द चुनकर लिखिए-**

निर्णय मानदंड

| क्रमांक | अंक विभाजन | अंक |
|---|---|---|
| 1. | शब्द लिखना | 8 अंक |
| 2. | शब्दों पर निशान लगाना | 2 अंक |
| | कुल अंक | 10 अंक |

DPS GANDHINAGAR

# PT-I REVISION

## Delhi Public School, Gandhinagar

**Periodic Test- I (2025-26)**

| | | |
|---|---|---|
| **Class: V** | **HINDI** | **Date: 00/7/2025** |
| **Time: 1 hour** | | **M. Marks: 20** |

**Name: ______________________________ Sec: ________ Roll No.:________**

**खण्ड (क)**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x1=4**

अपने शरीर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सर्वप्रथम शहर के विभिन्न मोड़ों पर पड़े गन्दे कूड़े-करकट को साफ़ रखने तथा शहर के किनारे बह रही गंगा नदी में गिरते हुए गंदे नालों के पानी को बंद करवाने का प्रयास करना चाहिए। जितने भी गंदे नाले हैं जहाँ से पानी निकलना बंद है उस नाले को साफ़ करवाना चाहिए। सड़क के चौराहों पर फूल-पत्ती लगाने तथा उसको किसी कम्पनी के हाथों सजावट के लिए सुपुर्द कर देना चाहिए। सड़क जाम होने के कारण वाहनों से निकलने वाला धुआँ शहर के वातावरण को अशुद्ध कर देता है। इससे बचने का भरसक प्रयास करना चाहिए। शहर को स्वच्छ रखना हम सबका कर्त्तव्य है।

(क) गद्यांश में किसे स्वच्छ बनाने की चर्चा की है?

(i) शरीर (ii) समाज (iii) दाँतों (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) गंगा में गिरते गंदे पानी को क्या करना चाहिए?

(i) इसे बंद करवा देना चाहिए|

(ii) इसे साफ़ करवा देना चाहिए|

(iii) इसे सुरक्षित रखना चाहिए|

(iv) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं|

(ग) गाडियों के धुएँ से वातावरण में क्या प्रभाव पड़ता है?

(i) अंधेरा हो जाता है|

(ii) वातावरण शुद्‌ध हो जाता है|

(iii) वातावरण अशुद्‌ध हो जाता है|

(iv) गाड़ी चलाने में परेशानी होती है|

(घ) निम्न कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(i) शहर को स्वच्छ रखना सरकार का कर्तव्य है|

(ii) शहर को स्वच्छ रखना पुलिस का कर्तव्य है|

(iii) शहर को स्वच्छ रखना हमारा का कर्तव्य है|

(iv) शहर को स्वच्छ रखना दुकानदारों का कर्तव्य है|

DPS GANDHINAGAR

**खण्ड (ख)**

**प्रश्न-2** **प्रश्नों के सही विकल्पों चुनकर लिखिए-** **3x1=3**

(क) भाषा के रूपों के नाम लिखिए|

(i)लिखित (ii) मौखिक (iii) दोनों गलत हैं (iv) दोनों सही हैं

(ख) अंग्रेज़ी की लिपि कौन-सी है?

(i) फ़ारसी (ii) रोमन (iii) देवनागरी (iv) गुरुमुखी

(ग) 'अध्यापक' का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(i) मालिन (ii) विद्वान (iii) अद्यापकी (iv) अध्यापिका

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए - 3x1=3**

(क) भारत, हिमालय, गंगा और गुजरात ये सभी शब्द किस संज्ञा के उदाहरण हैं?

(ख) किनसे भाववाचक संज्ञाएँ बनती हैं?

(ग) सदा पुल्लिंग वाले दो शब्द लिखिए|

**खण्ड (ग)**

**प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4**

(क) 'सौ-सौ आदर्शों' का क्या अर्थ हो सकता है?

(ख) खेत पर किसने क्या काम किया?

**प्रश्न-5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए- 2x1=2**

(क) 'कोटी-कोटी कंठ' का अर्थ लिखिए|

(ख) 'चलो और मेरी तरह टाँगें फैलाकर सुख की नींद सोओ|' किसने किससे

DPS GANDHINAGAR

कहा?

**खण्ड (घ)**

**प्रश्न-6** **'विद्यार्थी जीवन के महत्त्व' पर दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से 50-55 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **4x1=4**

संकेत बिंदु- जीवन निर्माण का काल -विद्यार्थी के लक्षण -विद्यार्थी के कर्तव्य।

DPS GANDHINAGAR

# HALF YEARLY REVISION

## Delhi Public School, Gandhinagar

### Halfyearly Examination (2025-26)

| Class: V | HINDI | Date: /7/2025 |
|---|---|---|
| Time: 2 hour | | M. Marks: 20 |

**Name:** ______________________________ **Sec:** ________ **Roll No.:**________

**खण्ड (क)**

**प्रश्न-1** **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **6x1=6**

हँसी संजीवनी बूटी का चूरन है। आज की तनाव भरी ज़िंदगी में यह हर किसी को चाहिए। चिंता नरक के समान है। हँसता हुआ मनुष्य पृथ्वी पर स्वर्ग का सुख पाता है। हँसाने जैसा पुण्य दुनिया में और कुछ भी नहीं है, इसीलिए हँसानेवाले मार्किट की शरण में है। बाज़ार ने लोगों को हँसाने में पूरी ताकत झोंक दी है, एस.एम.एस जोक्स व सीरियल से लेकर फ़िल्मों एवं रियलटी स्टेज से लेकर हास्य कवि सम्मेलनों तक लोगों को हँसाने के लिए बाज़ार हर तरह का मसाला जुटा रहा है। हँसी की तलाश में जुटे लोग इसका खुले दिल से स्वागत कर रहे हैं। टी.वी. पर तो हँसी का खज़ाना ही मौजूद है। वहाँ हर मनोदशा की हँसी है और हर जगह हँसने की तलाश जारी है।

(क) हँसी क्या है?

(i)संजीवनी (ii) चूरन

(iii) संजीवनी बूटी का चूरन (iv) पेट का चूरन

(ख) हँसता हुआ मनुष्य क्या पता है?

(i) मन की प्रसन्नता

(ii) अमृत तत्त्व

(iii) पृथ्वी का स्वर्ग

(iv) सुखों की वर्षा

(ग) 'नरक ' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

(i)चिंता (ii) चिता (iii) स्वर्ग (iv)जीवन

(घ) टी.वी. पर क्या मौजूद है?

(i) हँसी

(ii) स्वस्थ मनोरंजन

(iii) हँसने-हँसाने का साधन

(iv) हँसी का खज़ाना

(ङ) बाज़ार ने लोगों को हँसाने के लिए क्या किया है?

(i) पूरी कोशिश की

(ii) ईमानदारी की

(iii) पूरी ताकत झोंक दी

(iv) हँसने की तलाश

(च) हँसाने वाले किसकी शरण में हैं?

(i)अस्पताल (ii) घर

(iii) नरक (iv) मार्किट

**प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 4x1=4**

DPS GANDHINAGAR

पाँव लगे धरती में धँसता, मुझसे चली न जाए रस्ता।
हालत कर देता है खस्ता, पीठ लदा ये भारी बस्ता।
विनती सुन ले हे भगवान, आफ़त में है नन्हीं जान।
कृपा तुम्हारी हो जाए, बस्ता हल्का हो जाए।

(क) धरती में क्या धँस रहा है?

(i) शरीर (ii) सिर (iii) पाँव (iv) हाथ-पाँव

(ख) किसने बच्चों की हालत खस्ता की ?

(i) पढ़ाई ने (ii) लिखाई ने (iii) कागज़-कलम ने (iv) बस्ते ने

(ग) बच्चे किससे विनती कर रहे हैं?

(i) बस्ते से (ii) रास्ते से (iii) धरती से (iv) भगवान से

(घ) 'प्रार्थना' का अर्थ पद्यांश में से चुनकर लुखिए|

**खण्ड-ख**

**प्रश्न-3 एक शब्द में उत्तर लिखिए-** **2x1=2**

(क) संस्कृत, मराठी, गुजरती और नेपाली भाषा की लिपि कौन-सी है?

(ख) देश के सरकारी कार्यालयों के काम-काज की भाषा क्या कहलाती है?

**प्रश्न-4 कोष्ठक में लिखे शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाकर खली स्थान में लिखिए-** **2x1=2**

(क) इस इमरात की ____________ बहुत है|(ऊँचा)

(ख) राधा को बहुत __________ आ रही है|(हँसना)

DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न-5** **नीचे दिए स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को चुनकर लिखिए-** **2x1=2**

किताब, रोटी, चीन, आम

**प्रश्न-6** **रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-** **2x1=2**

(क) बाग में **आम** का वृक्ष है|

(ख) **लडकियों** ने गाना गया|

**प्रश्न-7** **कारक शब्दों का विभक्ति चिह्नों से मिलान कीजिए-** **2x1=2**

(क) संबोधन (i) से, के द्वारा

(ख) कर्ता (ii) का, के, की; रा, रे, री

(ग) संबंध (iii) हे,अरे

(घ) करण (iv) ने

**प्रश्न-8** **रेखांकित शब्दों के लिए सही विल्कप चुनकर लिखिए-** **3x1=3**

(क) **मुझे** कपड़े खरीदने है|

(i)संबंधवाचक सर्वनाम (ii) पुरुषवाचक सर्वनाम

(iii) निजवाचक सर्वनाम (iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ख ) **कौन** नहीं पहुँचा?

(i) निजवाचक सर्वनाम (ii) पुरुषवाचक सर्वनाम

(iii) प्रश्नवाचक सर्वनाम (iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) अपना काम **स्वयं** करके देखिए|

(i) निजवाचक सर्वनाम (ii) संबंधवाचक सर्वनाम

(iii) प्रश्नवाचक सर्वनाम (iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न-9** 'तलाश' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| **1x2=2**

## खण्ड-ग

**प्रश्न-10** **निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x1=3**

नहीं चाहिए बुद्धि बैर की
भला प्रेम का उन्माद यहाँ
सबका शिव कल्याण यहाँ है
पावें सभी प्रसाद यहाँ।
सब तीर्थों का एक तीर्थ यह
हृदय पवित्र बना लें हम
आओ यहाँ अजातशत्रु बन
सबको मित्र बना लें हम।

(क) हमें ऐसी बुद्धि नहीं चाहिए जो दूसरों से ____________करना सिखाए|

(i) प्रेम (ii) आलस (iii) बैर (iv) हँसना

(ख) भारत में सभी के लिए कैसा उन्माद है?

(i) नफ़रत (ii) गुस्सा (iii) बैर (iv) प्रेम

(ग ) अपने हृदय को पवित्र करना किसके समान है?

(i) अजातशत्रु (ii) तीर्थों (iii) कल्याण (iv) गंगा

**प्रश्न-11** **निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x1=3**

दिन बीतते गए। फ़सल जब पककर तैयार हुई तो सबने मिलकर पूरा खेत काट डाला। समय पर दौनी और ओसौनी की गई। अनाज का ढेर लग गया। उसे बोरों में बंद कर गाँव लाया गया तो देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। आलसी बिल्ली मौसी ने तो दाँतों तले उँगलियाँ दबा लीं। कुत्ता, खरहा, लोमड़ी, हिरन और बहुत-से दूसरे जानवर दाँत निपोड़-निपोड़कर थोड़ा अनाज माँगने लगे। मेढक दादा बोले, "मैं पूरे गाँव को दावत दूँगा परंतु एक ही शर्त पर कि कल से पूरे गाँव को खेत पर चलना होगा और काम करना होगा।" पूरे गाँव ने हाँ में हाँ मिलाई।

(क) फ़सल तैयार होने पर सबने क्या किया?

(i) खेत काट डाला

(ii) खेत खोद डाला

(iii) खेत जोत डाला

(iv) खेत फोड़ डाला

(ख) किसने दाँतों तले ऊँगली दबा ली?

(i)खरगोश ने (ii) बिल्ली ने (iii)कुत्ते ने (iv) बतख ने

(ग) उन दो जानवरों के नाम लिखिए जो दाँत निपोड़-निपोड़ कर थोड़ा अनाज माँगने लगे|

**प्रश्न-12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x2=4**

(क) पद्मवीर ने पत्र का उत्तर किस प्रकार और क्यों दिया?

(ख) सज्जन परोपकार के लिए धन का संचय क्यों करते हैं?

**प्रश्न-13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए- 2x1=2**

(क) जब लेखक ने घर खोला तो क्या देखा?

(ख) चूहे के माध्यम से लेखक हमें क्या संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं?

**प्रश्न-14 उचित विकल्प चुनिए- 3x1=3**

(क) तीसरे प्रश्न में कितने रंगों के नाम आए हैं?

(i)दो (ii) तीन (iii)पाँच (iv) सात

(ख) किसके समान तप नहीं है?

DPS GANDHINAGAR

(i)दान (ii) सत्य (iii) वीरता (iv) सेवा

(ख) चूहे को क्या चाहिए था?

(i)कागज-कटोरी (ii) कपड़ा-पानी

(iii) लकड़ी-खिलौने (iv) भोजन-खाना

**खण्ड-घ**

**प्रश्न-15 नीचे लिखे शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- 2x1=2**

(क) सचेत

(ख) दिवस

**प्रश्न-16 पिताजी को पुस्तक मँगवाने के लिए पत्र लिखिए| 4x1=4**

**प्रश्न-17 नीचे दिए चित्र का वर्णन 50-55 शब्दों में लिखिए| 4x1=4**



## HINDI [TERM II]

| महीना | पाठ्य पुस्तक | व्याकरण | क्रियात्मक कार्य | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| अक्टूबर | पाठ-8 किन्नौर देश की ओर<br>पाठ -9 मैं मज़दूर हूँ | * विशेषण<br>* विलोम शब्द | * अपठित पद्यांश<br>* चित्र वर्णन | * श्रवण गतिविधि\| |
| नवम्बर | पाठ -10 (क) पावस (मौखिक)<br>(ख) बूँदें (मौखिक)<br>पाठ-11 गुल्लक में पानी | * क्रिया | *अनुच्छेद लेखन<br>* औपचारिक पत्र | * 'जल बचाओ ,जीवन बचाओ ' विषय पर पोस्टर बनाकर एक नारा लिखिए\|(AIL) |
| दिसम्बर | पाठ -12 वे दिन भी क्या दिन थे (मौखिक)<br>पाठ 13-कागनमल और गुलगुले | * काल<br>* वाक्यांश के लिए एक शब्द | * चित्र वर्णन<br>* औपचारिक पत्र | * विद्यार्थियों द्वारा अभिनय \|(SEA) |

**T-II Syllabus**

**पाठ्य पुस्तक**- पाठ-8 किन्नौर देश कीओर , पाठ 9-मैं मज़दूर हूँ

**व्याकरण**- विशेषण ,क्रिया, विलोम शब्द

**क्रियात्मक कार्य**- औपचारिक पत्र, अपठित पद्यांश

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जनवरी | पाठ-14 हार नहीं होती | *अनेकार्थी शब्द<br>* मुहावरे | * अपठित पद्यांश | 'हार नहीं होती 'कविता कंठस्थ कीजिए\| |
| फरवरी | *पुनरावर्तन कार्य | * पुनरावर्तन कार्य | *पुनरावर्तन कार्य | * पुनरावर्तन कार्य |

**Annual Syllabus** :-

**पाठ्य पुस्तक**- पाठ-8 किन्नौर देश की ओर ,पाठ -9 मैं मज़दूर हूँ, पाठ-11 गुल्लक में पानी ,पाठ 13-कागनमल और गुलगुले , पाठ-14 हार नहीं होती

**व्याकरण**- वचन,कारक,विशेषण,विलोम शब्द,क्रिया,काल,वाक्यांश के लिए एक शब्द, अनेकार्थी शब्द ,मुहावरे

**क्रियात्मक कार्य**- अपठित गद्यांश ,अपठित पद्यांश ,चित्र वर्णन ,अनुच्छेद लेखन

# ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

* **'जल बचाओ, जीवन बचाओ'** विषय पर पोस्टर बनाकर एक नारा लिखिए|

**अंक विभाजन**

प्रस्तुतिकरण -5 अंक

नारा लिखना -5 अंक

DPS GANDHINAGAR

# Subject Enrichment Activity-2 (SEA)

पाठ -13 कागनमल और गुलगुले पाठ का नाट्य अभिनय| **(10 अंक)**

**अंक विभाजन**

**हाव-भाव - 3**

**प्रस्तुतिकरण - 3**

**संवाद - 4**

**CBE WORKSHEET-2**

**श्रवण गतिविधि 10 अंक**

# CBE BASED QUESTION BANK

## पाठ-8 किनौर देश की ओर

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-:**

(क) दौलतराम किसे हाँकते हुए पहुँचते हैं?

(ख) किनौर देश की स्त्रियाँ पुरुषों की भाँति क्या पहनती हैं?

(ग) चढ़ाई पूरी करने के बाद लेखक कौन-से पेड़ के वन में थे?

(घ) बाणासुर की भार्या(पत्नी) ने कितने संतानों को जन्म दिया था?

(ङ) 'चश्मा' का क्या अर्थ है? दिए गए विकल्पों में से चुनिए -

(i) तालाब (ii) कुआँ (iii) झरना (iv) नदी

## पाठ-9मैं मज़दूर हूँ

(क) कौन-सी नदी के तटवर्ती आकाश को सुरक्षित वायु से भरा है? दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(i) सतलुज (ii) रावी (iii) चिनाब (iv) झेलम

(ख) हीरा संसार के कौन-से देश में आज नहीं निकाला जा रहा है?

(ग) मज़दूर ने चट्टान खोदकर क्या-क्या निकाला? किन्हीं दो का नाम लिखिए|

(घ) प्रस्तुत पाठ के लेखक का नाम लिखिए|

(ङ) 'मज़दूर दिवस' कब मनाया जाता है? दिए गए विकल्पों में से चुनिए -

(i) 1 अप्रैल (ii) 1 मई (iii) 2 जून (iv) 3 जुलाई

## पाठ- 11 गुल्लक में पानी

(क) जब भी कोई हमें पैसा देता है उस पैसों को हम कहाँ डाल देते हैं?

(ख) भूगोल की किताब पढ़ते समय किसकी बातें बताई जाती हैं?

(ग) समुद्र में उठी भाप क्या बनकर पानी में बदलने लगती हैं?

DPS GANDHINAGAR

(घ) हम किसकी अंधी दौड़ में जल के छिपे खज़ाने को भूल गए हैं?

(ड) इस पाठ के लेखक का नाम दिए गए विकल्पों में से चुनिए|

(i) हरी शंकर परसाई (ii) अनुपम मिश्र (iii)अभिनव (iv) अनुपम दिवेदी

## पाठ-13 कागनमल और गुलगुले

(क) कगनमल को उड़ते- उड़ते क्या दिखा ?

(ख) चिड़िया मज़े से क्या खा रही थी?

(ग) 'यह क्या पनल्ला, मुखल्ला कर रहे हो| मुझे कुछ समझ नहीं आया'|यह वाक्य किसने कहे?

(घ) हिरन ने किसके साथ कुश्ती लड़ी?

(ड) कगनमल किसकी सहायता से घास काटता है?

## पाठ- 14 हार नहीं होती

(क) नन्हीं चींटी क्या लेकर चलती है?

(ख) गहरे सागर से मोती कौन ढूँढकर लाता है?

(ग) जब तक हम सफल न हो तो हमें क्या-क्या त्यागना (छोड़ना) चाहिए?

(घ) इस कविता के कवि का नाम लिखिए|

(ड) 'सिंधु' का अर्थ क्या है? दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(i) नरेश (ii) पर्वत (iii) गोताखोर (iv) सागर

DPS GANDHINAGAR

# व्याकरण


## विशेषण

(1) **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर विशेषण शब्दों को ढूँढकर लिखिए और उनके भेद भी लिखिए-**


भारत एक विशाल देश है जहाँ पर बारी-बारी से छह ऋतुएँ आती हैं| वैसे तो सभी ऋतुओं का अपना ही आनंद है परंतु एक ऋतु ऐसी है जिसके आगमन से सभी का मन खुशी और उमंग से भर जाता है| इस ऋतु के आने से चारों ओर हरियाली छा जाती है|

| विशेषण | भेद |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

**(2) दिए गए चित्रों को देखकर उसके लिए दो-दो विशेषण लिखिए -**



________,________



________, ________

DPS GANDHINAGAR

# काल

**(1) कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए:-**

(क) मैं बाज़ार जा रहा हूँ। (भविष्यत् काल)

(ख) कल बारिश हुई थी। (वर्तमानकाल)

(ग) सोहन पढ़ रहा है। (भूतकाल)

**(2) काल के कितने प्रकार होते हैं ? _____**

**(3) नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर काल के भेद लिखिए:-**

(क) वह कल जयपुर से लौटा था| ________________

(ख) राधा फ़िल्म देख रही है| ________________

(ग) इस बार परीक्षा में अच्छे नंबर से पास हो जाऊँगा| ________________

# क्रिया

**(1) वाक्यों में आई क्रियाओं को रेखाकिंत करके लिखिए कि सकर्मक हैं या अकर्मक :-**

| **वाक्य** | **भेद** |
|---|---|
| (क) नेहा पुस्तक पढ़ती है| | ________________ |
| (ख) कनिका हँसती है| | ________________ |
| (ग) आसमान में पक्षी उड़ रहे हैं| | ________________ |
| (घ) रोहन क्रिकेट खेलता है| | ________________ |
| (ड) मेरी कक्षा में तीस विद्यार्थी हैं| | ________________ |
| (च) आज मैंने प्रार्थना सभा में समाचार पढ़ा| | ________________ |
| (घ) राधिका नृत्य कर रही है| | ________________ |

DPS GANDHINAGAR

# विलोम शब्द

**(1) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-**

उत्तीर्ण - ____________

गुण - ____________


युद्ध - ____________

अनिवार्य - ____________

पूर्णिमा -____________

रक्षक - ____________

**(2) चित्र देखकर दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-**



(क) आकाश साफ़ है| ________

(ख) नदी के पास कच्चे घर हैं| ________

(ग) प्रात: हो रही है| ________

(घ) तीव्र हवा चल रही है| ________

(ङ) पर्वत ऊँचे हैं| ________

# वाक्यांश के लिए एक शब्द

**निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-**

(क) जो कभी न मरे - ____________

(ख) जो टाला न जा सके - ____________

DPS GANDHINAGAR

(ग) जो नियम के अनुसार हो - ____________

(घ) इतिहास से संबंध रखनेवाला- ____________

(ङ) जिसकी चार भुजाएँ हो - ____________

(च) जो सुननेवाला हो - ____________

(छ) अपना जीवन चरित्र स्वयं लिखना - ____________

(ज) मीठा बोलनेवाला - ____________

(झ) जिसकी प्रशंसा की जाए - ____________

## अनेकार्थक शब्द

**निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के दोनों अर्थ लिखिए:-**

(क) हार - ____________, ____________

(ख) सोना - ____________, ____________

(ग) हार- ____________, ____________

(घ) सूत - ____________, ____________

(ङ) कर- ____________, ____________

(च) वार- ____________, ____________

(छ) उत्तर- ____________, ____________

## मुहावरे

**निम्न्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-**

(क) अधर में लटकना

(ख) हिरन-सी चौकड़ी भरना

(ग) आकाश से तारे तोड़ लाना

(घ) हाथ बँटाना

(ङ) लगन का पक्का होना

DPS GANDHINAGAR

# Delhi Public School, Gandhinagar

## Periodic Test- II (2025-26)

| | | |
|---|---|---|
| **Class : V** | **HINDI** | **Date: / /2025** |
| **Time: 1 hour** | | **M. Marks: 20** |

**Name: ______________________________ Sec: _________ Roll No.:________**

**प्रश्न-1** **निम्नलिखित अपठित काव्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **4x1=4**

नाच उठा धरती का कण-कण
बस्ती में रौनक छाई|
बाल-वृद्ध सब लगे ठुमकने,
मेला की वेला है आई||

आज सजेगी हाट-दुकानें,
जो चाहे लेना भाई
गुड़ियाँ,मोटर,ढोलक,माला
बिंदिया,चूड़ी मनचाही|

(क) बस्ती में क्या छाई थी ?

(ख) बाल-वृद्ध सब क्यों ठुमकने लगे थे?

(ग) मेले के कारण आज क्या-क्या सजेगा ?

(घ) अगर आप अगर मेले में जाओ तो वहाँ से आप क्या खरीदोगे? काव्यांश में से छाँटकर लिखिए।

**प्रश्न-2** **निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए और उसका भेद भी लिखिए-** **2x1=2**

DPS GANDHINAGAR

(क) लोमड़ी चालाक होती है|

(ख) आज कक्षा में 10 विद्यार्थी नहीं आए|

**प्रश्न-3** **निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का भेद लिखिए:-** **2x1=2**

(क) रिया कविता लिख रही है।

(ख) पंकज सो रहा है|

**प्रश्न-4** **विलोम लिखिए:-** **2x1=2**

(क) मौखिक - _________

(ख) आयात (import) _________

**प्रश्न-5** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2x2=4**

(क) लेखक के मन में खंपा परिवार में परिवार में शामिल होने का विचार क्यों आया?

(ख) मज़दूर धरती को कैसे सँवार रहे हैं?

**प्रश्न-6** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए:-** **2x1=2**

(क) भालू किन-किन जानवरों को मारकर खा जाते थे?

(i) गाय (ii) भेड़ और बकरी (iii) गाय,भेद और बकरी (iv)शेर और भेड़

(ख) वह स्थान जहाँ धरती और आकाश मिले दिखाई देते हैं, उसे क्या कहते हैं?

(i) निरंतर (ii) क्षितिज (iii) आदिम (iv) अमित

**प्रश्न-7** **मुख्य अध्यापकजी को पाँच दिन की छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखिए।** **1x4=4**

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

DPS GANDHINAGAR

DPS GANDHINAGAR

# Delhi Public School, Gandhinagar

## Sample Paper (2025-26)

| Class:V | HINDI MOCK PAPER | Date: .02.26 |
| --- | --- | --- |
| Time: 2 hours | | M. Marks: 50 |

**Name:______________________________ Sec:________ Roll No.: ________**

DPS GANDHINAGAR

**खण्ड (क)**

**प्रश्न-1** **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **6x1=6**

कल्पना चावला भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्षयात्री थीं| बचपन की लगन और परिश्रम एक दिन उनको सफल अंतरिक्ष यात्री बनाने में मददरूप हुई| कल्पना चावला,जो आज हर भारतीय की प्रेरणा स्त्रोत बन गई है,जिससे शिक्षा लेकर आज हर भारतीय युवा अपनी प्रगति का पथ आगे बढ़ाना चाहता है| कल्पना चावला का जन्म 1 जुलाई 1961 को हरियाणा के करनाल जिले में हुआ था| उनके पिता का नाम बनारसी लाल चावला और माता का नाम श्रीमती संयोगिता चावला था|

कल्पना बचपन से ही बड़ी प्रतिभावान थी| जब वह कुछ बड़ी हुई तो सामान्य बच्चों की अपेक्षा(compare) उसमें जिज्ञासा का भाव अत्याधिक था| वह हमेशा यही सोचती कि आकाश में पक्षी कैसे उड़ते है और हम क्यों नहीं उड़ पते?

(क) कल्पना चावला का जन्म कब हुआ था? दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(i) 1 जुलाई 1861

(ii) 1 जुलाई 1961

(iii) 1 अगस्त 1961

(iv) 1 जुलाई 1962

(ख) कल्पना चावला का जन्म भारत के कौन-से राज्य में हुआ था?

(i) हरियाणा (ii) चंडीगढ़ (iii) शिमला (iv) पंजाब

(ग) कल्पना चावला के लिए कौन-सा विशेषण शब्द लिखा है ?

(i) सुंदर (ii) डरपोक (iii) लिखावट (iv)प्रतिभावना

(घ) जो अंतरिक्ष में यात्रा करते हैं उन्हें क्या कहते हैं?

(i) नभचर (ii) रात्रिचर

(iii) ज्योतिषशास्त्री (iv) अंतरिक्षयात्री

(ङ) कल्पना चावला के माता-पिता का नाम लिखिए|

(च) कल्पना चावला हमेशा क्या सोचती रहती थी?

**प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 4x1=4**

बहुत दिनों से सोच रहा था
थोड़ी धरती पाऊँ|
उस धरती में बाग -बगीचा
जो हो सके लगाऊँ|

खिले फूल-फूल ,चिड़िया बोले
प्यारी खुशबू डोले|
ताज़ी हवा जलाशय(तालाब) में
अपना हर अंग भिगो ले|

(क) पद्यांश में कवि बहुत दिनों से क्या पाने की सोच रहा था?

(i) धरती (ii) धन (iii) किताब (iv) घर

(ख) पद्यांश में धरती पर क्या लगाने के लिए कवि सोच रहा है?

(i) झूला (ii) बांध (iii) बाग-बगीचा (iv) ताला

DPS GANDHINAGAR

(ग) ताज़ी हवा को किसमें अपना हर अंग भिगोने के लिए कहा जा रहा है?

(i) कुएँ में (ii) नहर में (iii) समुद्र में (iv) जलाशय में

(घ) 'बदबू' का विलोम शब्द लिखिए|

## खण्ड (ख)

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :- 8x1=8**

(क) नीचे दिए गए चित्र को देखकर लिखिए कि इसमें कौन-सी क्रिया हो रही है ?



(i) पढ़ना (ii) सोना (iii) तैरना (iv) लिखना

(ख) 'अभी मार्च का महीना चल रहा है |' प्रस्तुत वाक्य किस काल का उदाहरण है?

(i) वर्तमान काल (ii) भूतकाल

(iii)भविष्यत काल (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) 'तान्या पिज़्ज़ा खा रही है |' क्रिया का भेद चुनिए-

(i) क्रिया (ii) विशेषण (iii) अकर्मक (iv) सकर्मक

(घ) 'आज हमारी हिंदी की परीक्षा है |' प्रस्तुत वाक्य को अगर भूतकाल में परिवर्तन करेंगे तो सही कथन क्या होगा? दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(i) कल हमारी परीक्षा होगी|

(ii) कल हमारी हिंदी की परीक्षा थी|

(iii) अभी हिंदी की परीक्षा चल रही है|

(iv) कल हमारी परीक्षा होने वाली है|

(ङ) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, आकार, रंग-रूप तथा अवस्था के बारे में बताते हैं, उन्हें कौन-सा विशेषण कहते हैं?



DPS GANDHINAGAR

(i) संख्यावाचक (ii) गुणवाचक

(iii) परिमाणवाचक (iv) सार्वनामिक

(च) 'आज मैंने दस गुब्बारे खरीदे|' प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण के कौन -से प्रकार का उदाहरण है?

(i) सार्वनामिक (ii) परिमाणवाचक

(iii) गुणवाचक (iv) संख्यावाचक

(छ) 'देव' शब्द का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(i) भगवन (ii) मनुष्य (iii) दानव (iv) मानव

(ज) कारक के कितने प्रकार होते हाँ?

(i) पाँच (ii) छह (iii) सात (iv) आठ

**प्रश्न-4 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **3x1=3**

रामपुर पर राजा चित्रसेन का राज था| चित्रसेन एक सत्यवादी राजा था| उसके महल में एक निजी संग्रहालय था| इसमें उसने बहुत ही दुर्लभ वस्तुएँ जमा रखी थीं| इन वस्तुओं में एक बहुमूल्य वस्तु थी -एक गुलाबी मोती|

(क) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए- (अनुच्छेद में से)

(i) सत्य बोलनेवाला - ____________

(ii) जहाँ वस्तुओं का संग्रह किया जाए - __________

(ख) वस्तुएँ और वस्तुओं शब्द का एकवचन लिखिए - __________(अनुच्छेद में से)

**प्रश्न-5 'उत्तर' शब्द के दोनों अर्थ को समझते हुए दोनों वाक्य लिखिए|** **2x1=2**

1. ____________________________________________________

2. ____________________________________________________

**प्रश्न-6 मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए|** **2x1=2**

DPS GANDHINAGAR

(क) मुँह में पानी आना

(ख) फूला न समाना

**खण्ड (ग)**

**प्रश्न-7 किसने कहा? 2x1=2**

(क) 'गाय को हरी घास खिलाने से सारे मनोरथ सिद्ध होते हैं?'

(ख) 'इधर बहुत भालू है|'

**प्रश्न-8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x2=4**

(क) हिरन ने किसके साथ कुश्ती लड़ी और क्यों?

(ख) धरती का गुल्लक कहाँ है? उसे कैसे भरा जा सकता है?

**प्रश्न-9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए:- 6x1=6**

(क) गुड़ पर कौन भिनभिना रहा था?

(i) भौंरें (ii) कबूतर (iii) मक्खियाँ (iv) चीटियाँ

(ख) 23 मिल की यात्रा पूरी करके लेखक कितने बजे नचार पहुँचे?

(i) छह बजे (ii) साढ़े पाँच बजे (iii) सात बजे (iv) आठ बजे

(ग) धरती पर अगर कहीं स्वर्ग है वह ___________में है| प्रस्तुत वाक्य को सही शब्द से पूरा कीजिए -

(i) कश्मीर (ii) शिमला (iii) मनाली (iv) पंजाब

(घ) मज़दूर ने किसकी क्यारियों में जादू की मिट्टी डाली है?

(i) कमल (ii) चमेली (iii) गुलाब (iv) केसर

(घ) दिए गए चित्रों को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

इनमें से कौन-सा कार्य मज़दूर करता हैं?

DPS GANDHINAGAR

(i) (iii) (iv) दिए गए सभी विकल्प





(ii)



**प्रश्न-10** **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **3x1=3**

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,

जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है|

मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,

बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में|

मुटठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती|

(क) डुबकियाँ सिंधु में कौन लगाता हैं? ____________

(ख) गहरे पानी में क्या मिलता है? ____________

(ग) पद्यांश में शरीर के किन्ही दो भागो का उल्लेख किया गया है उन दोनों के नाम लिखिए| ____________,____________

DPS GANDHINAGAR

**खण्ड (घ)**

**प्रश्न-11** **वाक्य प्रयोग** **2x1=2**

(क) बेकार -

________________________________________

(ख) मनोरथ -

________________________________________

प्रश्न-12 ‘हमारा राष्ट्रीय ध्वज’ विषय पर 50-55 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए| 1x4=4

प्रश्न-13 दिए गए चित्र का वर्णन 50-55 शब्दों में कीजिए| 1x4=4



DPS GANDHINAG